पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-01.04.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री रामदेव महतो, स०वि०स० श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स० श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स०	"मधुबनी जिला के एकमात्र प्रतिष्ठित राम कृष्ण महाविद्यालय आज राजनीति एवं भ्रष्टाचार का अखाड़ा हो गया है, जिसके कारण शैक्षणिक कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है । प्राचार्य द्वारा मनमाने ढंग से नामांकन एवं अन्य काम में खुलेआम पैसा लिया जाता है । इसके विरूद्ध विभिन्न छात्र संगठनों द्वारा एक साथ आंदोलन किया जा रहा है । इस मामले में सदर एस०डी०ओ०, मधुबनी एवं जिला पदाधिकारी, मधुबनी ने प्राचार्य के खिलाफ एक प्रतिवेदन कुलपति, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को भेजा है । अत: उक्त मामले पर शीघ्र कार्रवाई हेतु हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	शिक्षा

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	डा० फैयाज अहमद, स०वि०स० श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स०	"मधुबनी जिलान्तर्गत विस्फी प्रखण्ड मुख्यालय पी०डब्लू०डी० सड़क से घाट-भटरा, रामनगर (महादलित बस्ती) तक की मुख्य सड़क देश के स्वतंत्रता काल से ही ध्वस्त है । विस्फी प्रखण्ड मुख्यालय से घाट-भटरा रामनगर तक की दूरी मात्र 2.00 कि०मी० है । मात्र 2.00 कि०मी० की दूरी में तीन जगह शालीग्राम जी के घर के पास, भरण टोला मोड़ के पास एवं रामनगर के पास बड़ा-बड़ा कटाव हो गया है जिस पर अभी तक पुल निर्माण नहीं हो सका है । पुल निर्माण नहीं होने के कारण लाखों की आबादी को प्रखण्ड मुख्यालय तक आने में 30 कि०मी० की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे महादलित परिवार एवं अन्य आबादी सरकारी सुविधा से वंचित रह जाते हैं । अत: जनहित में उक्त सड़क एवं पुल का निर्माण कराने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	ग्रामीण कार्य

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-15/15- 601 / वि०स०, पटना, दिनांक- 31 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

31/3/15

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-15/15- 601 / वि०स०, पटना, दिनांक- 31 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

31/3/15

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।